तेरा सजा दिया दरबार मैया

तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ एक बार,
मैया आ जाओ मैया आ जाओ,
करूं विनती बारंबार मैया आ जाओ एक बार....

मैंने तेरी ज्योत जलाई है,
दर्शन की आस लगाई है,
हमें दर्शन दो एक बार मैया आ जाओ एक बार....

मैं सब जग की ठुकराई हूं,
मैं द्वार तुम्हारे आई हूं,
मेरी सुन ले करुण पुकार मैया आ जाओ एक बार.....

इस जग से नाता तोड़ दिया,
बस तुम से रिश्ता जोड़ लिया,
मेरे तुम ही हो आधार मैया आ जाओ एक बार.....

मैंने रुचि रुचि भोग बनाया है,
हलवा पकवान बनाया है,
मैया भोग लगाओ एक बार मैया आ जाओ एक बार....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29099/title/tera-saja-diya-darbaar-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |